चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28-9-25 | 01 | 7-8 |

# रबी फसलों पर कृषि अधिकारी कार्यशाला 29-30 सितंबर को



हिसार| हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सभागार में 29 व 30 सितंबर को कृषि अधिकारी कार्यशाला रबी 2025 आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि करेंगे, जबकि प्रधान सचिव कृषि और किसान कल्याण विभाग पंकज अग्रवाल, आईएएस विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। उनके साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा सरकार के निदेशक राजनारायण कौशिक आईएएस भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कार्यशाला में आगामी रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिश को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अलावा वैज्ञानिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी रबी फसलों में समस्याओं के समाधान पर भी विचार विमर्श करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28-9-25 | 05 | 3-4 |

## हकृवि में रबी फसलों पर कृषि अधिकारी कार्यशाला 29-30 को

हिसार, 27 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के



मीटिंग में कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए।

कृषि महाविद्यालय के सभागार में 29 व 30 सितम्बर को कृषि अधिकारी कार्यशाला (रबी) 2025 आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुल पति प्रो.बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि करेंगे, जबकि प्रधान सचिव कृषि और किसान कल्याण विभाग, हरियाणा सरकार श्री पंकज अग्रवाल, आईएएस विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौ जूद रहेंगे। उनके साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा सरकार के निदेशक राजनारायण कौशिक आईएएस भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित की जाने वाली दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कार्यशाला में आगामी रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिश को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अलावा वैज्ञानिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी रबी फसलों में समस्याओं के समाधान पर भी विचार विमर्श करेंगे। कृषि अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फॉर्म का दौरा करवा कर उन्हें फसलों, फलों तथा सब्जियों पर किए जा रहे परीक्षणों एवं अनुसंधानों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे जिनमें विभिन्न फसलों की समग्र सिफारिशों पर भी चर्चा की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 28-9-25 | 11 | 7-8 |

## रबी फसलों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कल से

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में 29 व 30 सितंबर को कृषि अधिकारी कार्यशाला (रबी) 2025 आयोजित की जाएगी। जिसका शुभारंभ कुलपति प्रो.बीआर कम्बोज करेंगे। कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, निदेशक राजनारायण कौशिक भी उपस्थित रहेंगे। दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी भाग लेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कार्यशाला में आगामी रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिश को अंतिम रूप दिया जाएगा। विभागीय अधिकारी रबी फसलों में समस्याओं के समाधान पर भी विचार विमर्श करेंगे। कृषि अधिकारियों को विवि के अनुसंधान फॉर्म का दौरा करवा उन्हें फसलों, फलों तथा सब्जियों पर किए जा रहे परीक्षणों की जानकारी देंगे।

■ रवि फसल की समस्याओं के समाधान पर भी होगा मंथन

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 28-9-25 | 04 | 01 |

## हकृवि में रबी फसलों पर कृषि अधिकारी कार्यशाला 29 व 30 सितंबर को

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सभागार में 29 व 30 सितंबर को कृषि अधिकारी कार्यशाला (रबी) 2025 आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्यातिथि करेंगे, जबकि प्रधान सचिव कृषि और किसान कल्याण विभाग, हरियाणा सरकार पंकज अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। उनके साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा सरकार के निदेशक राजनारायण कौशिक भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित की जाने वाली दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कार्यशाला में फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिश को अंतिम रूप दिया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स न्यूज | 27.09.2025 | -- | -- |


# हकृवि में रबी फसलों पर कृषि अधिकारी कार्यशाला 29 व 30 को

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सभागार में 29 व 30 सितंबर को कृषि अधिकारी कार्यशाला (रबी) 2025 आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि करेंगे, जबकि प्रधान सचिव कृषि और किसान कल्याण विभाग, हरियाणा सरकार पंकज अग्रवाल, आईएएस विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। उनके साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा सरकार के निदेशक राजनारायण कौशिक आईएएस भी उपस्थित रहेंगे । विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित की जाने वाली दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कार्यशाला में आगामी रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिश को अंतिम रूप दिया जाएगा।

इसके अलावा वैज्ञानिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी रबी फसलों में समस्याओं के समाधान पर भी विचार विमर्श करेंगे। फसलों, फलों तथा सब्जियों पर किए जा रहे परीक्षणों एवं अनुसंधानों की जानकारी दी जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि-भूमि | 28-9-25 | 13 | 6-8 |

# हकृवि के 23 विद्यार्थियों के माउंटेनियरिंग का दल बाड़ा भंगाल ट्रैक यात्रा पर रवाना

- विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज विद्यार्थियों के दल को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के माउंटेनियरिंग क्लब के विद्यार्थियों का दल साहसिक बाड़ा भंगाल ट्रैक यात्रा के लिए रवाना हुआ। विद्यार्थियों के दल को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के दौरान सुरक्षा, अनुशासन और एकजुटता बनाए रखने पर बल दिया। इस चुनौतीपूर्ण अभियान में कुल 23 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं, जिनमें 13 लडक़े और 10 लड़कियां शामिल हैं। इस ट्रैक का नेतृत्व विश्वविद्यालय की माउंटेनियरिंग क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी और डॉ. विक्रम घियाल कर रहे हैं। बाड़ा भंगाल ट्रैक हिमाचल प्रदेश के सबसे सुंदर किंतु चुनौतीपूर्ण ट्रैकों में से एक माना जाता है, जो कुल्लू और कांगड़ा की हरी-भरी घाटियों को जोड़ता है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 28-9-25 | 04 | 7-8 |

## हकृवि में रबी फसलों पर कृषि अधिकारी कार्यशाला कल से

हिसार, 27 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सभागार में 29 व 30 सितंबर को कृषि अधिकारी कार्यशाला (रबी) 2025 आयोजित की जाएगी। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कार्यशाला में आगामी रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिश को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अलावा वैज्ञानिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी रबी फसलों में समस्याओं के समाधान पर भी विचार विमर्श करेंगे।

## हकृवि के 23 विद्यार्थियों का माउंटेनियरिंग क्लब का दल बाड़ा भंगाल ट्रैक यात्रा के लिए रवाना



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों के दल को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।*

हिसार, 27 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के माउंटेनियरिंग क्लब के विद्यार्थियों का दल साहसिक बाड़ा भंगाल ट्रैक यात्रा के लिए रवाना हुआ। विद्यार्थियों के दल को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस चुनौतीपूर्ण अभियान में 23 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं, जिनमें 13 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं। इस ट्रैक का नेतृत्व डॉ. मुकेश सैनी, विश्वविद्यालय की माउंटेनियरिंग क्लब के अध्यक्ष और डॉ. विक्रम घियाल द्वारा किया जा रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28-9-25 | 05 | 1-2 |

## हकृवि के 23 विद्यार्थियों का माऊंटेनियरिंग क्लब का दल बाड़ा भंगाल ट्रैक यात्रा के लिए रवाना

हिसार, 27 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों के दल को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

विश्वविद्यालय के माउंटेनियरिंग क्लब के विद्यार्थियों का दल साहसिक बाड़ा भंगाल ट्रैक यात्रा के लिए रवाना हुआ। विद्यार्थियों के दल को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के दौरान सुरक्षा, अनुशासन और एकजुटता बनाए रखने पर बल दिया। इस चुनौतीपूर्ण अभियान में कुल 23 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं, जिनमें 13 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं। इस ट्रैक का नेतृत्व डॉ. मुकेश सैनी, विश्वविद्यालय की माउंटेनियरिंग क्लब के अध्यक्ष और डॉ. विक्रम घियाल द्वारा किया जा रहा है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा ने दल को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से छात्रों में धैर्य, सामूहिक भावना और प्रकृति से सीखने का अवसर प्राप्त होता है। उनकी प्रेरणादायी बातों से छात्र और अधिक उत्साहित होकर अपने सफर पर निकल पड़े। इस अवसर पर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, डॉ. सी.एस. डागर तथा डॉ. संजय भ्याण उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
# लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 27.09.2025 | -- | -- |

## हकृवि के 23 विद्यार्थियों का दल बाड़ा भंगाल ट्रैक यात्रा के लिए रवाना



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के माउंटेनियरिंग क्लब के विद्यार्थियों का दल साहसिक बाड़ा भंगाल ट्रैक यात्रा के लिए रवाना हुआ। विद्यार्थियों के दल को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के दौरान सुरक्षा, अनुशासन और एकजुटता बनाए रखने पर बल दिया। इस चुनौतीपूर्ण अभियान में कुल 23 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं, जिनमें 13 लड़के और 10 लड़कियाँ शामिल हैं। इस ट्रैक का नेतृत्व डॉ. मुकेश सैनी, विश्वविद्यालय की माउंटेनियरिंग क्लब के अध्यक्ष और डॉ. विक्रम घियाल द्वारा किया जा रहा है। बाड़ा भंगाल ट्रैक हिमाचल प्रदेश के सबसे सुंदर किंतु चुनौतीपूर्ण ट्रैकों में से एक माना जाता है, जो कुल्लू और कांगड़ा की हरी-भरी घाटियों को जोड़ता है। यह मार्ग दो उच्च हिमालयी दर्रों से होकर गुजरता है–कलिहानी पास (4,725 मीटर) और थामसर पास (4,700 मीटर)। कलिहानी पास से देव तिब्बा, इन्द्रासन और अन्य पीर पंजाल चोटियों का मनमोहक दृश्य दिखाई देता है, जबकि थामसर पास बाड़ा भंगाल गाँव तक पहुँचने का रास्ता देता है, जिसे हिमाचल का 'छिपा हुआ गाँव' भी कहा जाता है। इस ट्रैक में कठिन चढ़ाई, हिमनदी पार करना, अल्पाइन घास के मैदान और नदी की घाटियों से गुजरना शामिल है, जो इसे धैर्य, कौशल और टीमवर्क की वास्तविक परीक्षा बनाता है। यह अभियान छात्रों को न केवल हिमालयी प्राकृतिक सौंदर्य और चुनौतियों का अनुभव कराएगा, बल्कि उनके भीतर सहनशीलता, नेतृत्व क्षमता और पर्यावरण चेतना भी विकसित करेगा। हकृवि ऐसे आयोजनों को लगातार प्रोत्साहित करता है ताकि छात्रों में आत्मविश्वास, सामूहिकता और समग्र विकास को बढ़ावा मिल सके।